जल जीवन मिशन

drishtiias.com/hindi/printpdf/jal-jeevan-mission-4

चर्चा में क्यों?

10 नवंबर, 2021 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जल जीवन मिशन के तहत 49 जल आपूर्ति परियोजनाओं के लिये 695.40 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति के प्रस्तावों को मंज़ूरी प्रदान की।

प्रमुख बिंदु

- वित्त विभाग द्वारा जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत 5 करोड़ रुपए से अधिक की 41 जलापूर्ति योजनाओं, 6 स्वीकृत परियोजनाओं की संशोधित लागत, मोरेल नदी पर सांचोली (सवाई माधोपुर) में एनिकट निर्माण तथा सूरजपुरा से सांभर तक ट्रांसमिशन पाइप लाइन परियोजना सहित कुल 49 परियोजनाओं के लिये 695.40 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति का प्रस्ताव भेजा गया था।
- उल्लेखनीय है कि जेजेएम के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिये वर्ष 2021-22 के बजट में 20 लाख घरों को चरणबद्ध रूप से पेयजल कनेक्शन से जोड़ने की घोषणा की गई थी।
- प्रदेश में मौजूदा वित्तीय वर्ष में जेजेएम के तहत ग्रामीण परिवारों को 'हर घर नल कनेक्शन' देने के लिये राज्य सरकार द्वारा अब तक 1077.88 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जा चुकी है। जेजेएम में ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं पर खर्च के लिहाज से भी राजस्थान देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है।